卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 19 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦25 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# सरकार के खिलाफ फूटा छात्रों का गुस्सा

**छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए प्रदेश भर में छात्र शक्ति आंदोलन की राह पर, कई महाविद्यालयों में हंगामा और प्रदर्शन, रूद्रपुर में भूख हड़ताल पर बैठे छात्र**

देहरादून/हल्द्वानी/रूद्रपुर/नानकमत्ता (उद संवाददाता)। छात्रसंघ चुनाव कराने पर असमर्थता के सरकार के हाईकोर्ट में दिए गए जवाब के बाद छात्रों का गुस्सा फूटा पड़ा है। प्रदेश भर के विभिन्न महा विद्यालयों में छात्रों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन और हंगामा किया। रूद्रपुर में छात्र भूख हड़ताल पर बैठ गये। हल्द्वानी में कालेज में जमकर हंगामा और पुलिस के साथ तीखी झड़प हुयी। राजधानी स्थित डीएवी कालेज में शुक्रवार को छात्र नेताओं ने कॉलेज गेट बंद कर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान टीचरों को भी कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया। छात्रों ने कॉलेज कैंपस में बनी पानी की टंकी के गेट का ताला तोड़ा और टंकी पर चढ़ गए। इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच जमकर धक्कामुक्की और नोंकझोंक हुई। छात्रों ने सरकार पर चुनाव ना कराने की मंशा का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले में कोई कदम ना उठाया जो प्रदेशभर में छात्र आंदोलन होगा। छात्रों का कहना था कि सरकार छात्रसंघ चुनाव को लेकर गंभीर नहीं थी। अगर होती तो आज ये नौबत नहीं आती। उधर हरिद्वार में छात्र संगठनों ने श्री देव सुमन विश्विद्यालय ऋषिकेश कैंपस के बाहर जमकर प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फूंका। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर गेट बंद कर दिया। जबकि आज कॉलेज में एमएससी के छात्रों की परीक्षा थी। आक्रोशित छात्रों ने परीक्षा देने वाले छात्रों को गेट (शेष पृष्ठ सात पर)







## शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर दो करोड़ ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा शेयर बाजार में पैसा लगाकर भारी कमाई का लालच देकर ऑनलाईन करीब दो करोड़ रूपये की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुभेन्दु मोंडल पुत्र श्यामा पाडा मोंडल निवासी मूल बर्लिंगटन हीरानंदनी ईस्टेट, घोडबंदर रोड,पाटलीपाडा ठाणे वेस्ट महाराष्ट्रा का मूल निवासी है तथा वर्तमान में ओमेक्स सोसाईटी में किराये पर रहें निजी कम्पनी में कार्य करता है। उसने फेसबुक पर स्टोक मार्केटिंग का विज्ञापन देखने के बाद विज्ञापन पर क्लिक किया गया तो वह शेयर मार्केटिंग सम्बन्धी लुभावने ऑफर दिखाता था। जिस ग्रुप में अन्य लोग भी जॉइन थे इस ग्रुप में ही सारी बातें समझायी गयी । जिस पर उसने अपनी सहमति देने के बाद उनके द्वारा एक अन्य ग्रुप में जॉइन कर दिया। इस ग्रुप के एडमिन ने स्वयं को कस्टमर सर्विस मैनेजर बताया था। जिसके द्वारा लिंक के माध्यम से एक एप डाउनलोड करायी गयी जिस पर वह ट्रेडिग शुरू करने लगा। अपने बैंक खाते से धनराशि जमा करता था । कुछ समय बाद कस्टमर सर्विस मैनेजर द्वारा नार्मल शेयर अप्लाई करने को बोला गया। उसने लगभग एक करोड़ के आईपीओ व शेयर खरीद लिये गये जिसका प्रोफिट चार्ट में लगभग 10 करोड़ का प्रोफिट दिखाया। इसी बीच उनके द्वारा एक विज्ञापन के बारे में सलाह दी गयी जिस पर अत्यधिक मात्रा में शेयर थे। उिसने सलाह दी एप के माध्यम से लोन ले लें जिस हेतु आईपीओ लेने से पहले लोन की धनराशि (शेष पृष्ठ सात पर)


## झपट्टामार ने महिला के गले से छीनी चेन

सितारगंज (उद संवाददाता) ।सहेली के साथ डॉक्टर से दवा लेकर लौट रही महिला से बाइक सवार दो झपट्टामारो ने चैन लूट ली। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाल निवासी वार्ड नंबर 5 निवासी अंजना शर्मा पत्नी प्रमोद शर्मा 23 अक्टूबर को सहेली ममता बिष्ट के साथ डॉक्टर के पास दवा लेने पैदल जा रही थी। शहर के खटीमा रोड शंकर राइस मिल (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने पकड़ा 85 किलो नकली पनीर



काशीपुर। मिलावटी खाद्य पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत काशीपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से 85 किलो नकली पनीर बरामद किया है। दीपावली पर्व पर नकली मावा, दूध आदि की बिक्री होने की सम्भावना को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने सघन चेकिंग के निर्देश दिये थे। जिसके तहत काशीपुर पुलिस ने प्रतापपुर बैरियर पर चेकिंग के दौरान वाहन सं0-यू0पी0-80-डी0एस0-(शेष पृष्ठ सात पर)



# ‘दिल्ली दरबार’ पहुंची कांग्रेसियों की ‘टिकट की टकराहट’

**कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट सहित तीन नेता दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मिले, पर्यवेक्षकों की कार्यप्रणाली पर दर्ज कराई आपत्ति, रुद्रप्रयाग के कांग्रेसियों का प्रदेश प्रवक्ता की सार्वजनिक बयान बाजी पर फूटा गुस्सा**

-अर्श-

नई दिल्ली/रुद्रप्रयाग। केदारनाथ उप चुनाव को लेकर कांग्रेसियों के बीच चल रही टिकट की टकराहट कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही है । उत्तराखंड के कांग्रेसियों की टिकट की खींचतान अब कांग्रेस हाई कमान के दिल्ली दरबार तक पहुंच गई है। कांग्रेस में भीतर खाने मौजूद गुटबाजी और अनुशासनहीनता का आलम कुछ ऐसा है कि दिल्ली में एक तरफ जहां केदारनाथ उपचुनाव के लिए प्रत्याशी तय किए जाने को लेकर कांग्रेसी नेताओं की हाई लेवल मीटिंग संपन्न हुई ,तो वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ,वीर सिंह बुढेरा और लक्ष्मण सिंह रावत ने नई दिल्ली में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात कर टिकट के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की और पर्यवेक्षकों की कार्यवाही पर अपनी घोर आपत्ति दर्ज कराई। इधर दिल्ली के घटनाक्रम से इतर रुद्रप्रयाग के स्थानीय कांग्रेसियों का गुस्सा ,प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट और कुछ अन्य नेताओं की ओर से पर्यवेक्षकों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और मीडिया में बयानबाजी, पर फूट पड़ा और उन्होंने एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल को चिट्ठी लिखकर कार्रवाई की मांग तक कर डाली। ज्ञात हो कि रुद्रप्रयाग जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ताजबर खसी, युकां अध्यक्ष कर्मवीर सिंह कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष अगस्त्यमुनि भूपेंद्र राणा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद चंद्र, ब्लाक अध्यक्ष हरीश गुसांई आदि ने पार्टी प्रवक्ता के विरुद्ध हाईकमान को प्रेषित शिकायत पत्र में अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग करते हुए कहा हैं ,कि जिस दिन चुनाव के लिए नोटिफिकेशन हुआ, उसी दिन प्रदेश प्रवक्ता बिष्ट ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर ,केदारनाथ उपचुनाव के लिए पार्टी द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षकों के संबध में बेहद आप्पतिजनक बयान दिए थे ।इससे पार्टी की छवि और चुनावी संभावनाओं को बहुत नुकसान पंहुचा है। हालांकि दिल्ली में संपन्न हुई कांग्रेस की हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड की कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने पर्यवेक्षकों द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दरकिनार कर सीधे दिल्ली रिपोर्ट भेजे जाने के मामले का पटाक्षेप करने की कोशिश करते हुए यह व्यवस्था दी है, कि सर्वे व पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पैनल तैयार कर स्क्रीनिंग कमेटी को भेजेगी। तत्पश्चात हाईकमान से चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। बैठक में प्रत्याशियों का (शेष पृष्ठ सात पर)



# डीएम ने आपदा से क्षतिग्रस्त स्थलों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने गत दिवस आपदा में क्षतिग्रस्त गौलापुल, गोलापुल वैकल्पिक मार्ग, अंतराष्ट्रीय स्टेडियम, रेलवे लाईन का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत सर्किट हाउस काठगोदाम में जिला स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौलापुल पर वैकल्पिक मार्ग के निरीक्षण के दौरान मार्ग को दुरूस्त करने, उसमें नियमित पानी का छिड़काव करने सहित सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क किनारे रेडियम व रेडटेप लगाए जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिये। उन्होंने कहा नदी कटाव से सड़क कट जाने से जो वैकल्पिक मार्ग है उसे प्राथमिकता के आधार पर चौड़ा करने का कार्य किया जाए। सर्वप्रथम रेलवे लाईन की साईड वाल लगाकर उसे चौड़ी की साथ ही गौलापुल की तरफ भी चौड़ीकरण का कार्य किया जाए जिससे यहां से आवागमन सुचारू हो सके। जिलाधिकारी ने स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान गोला नदी से जो पार्किंग की भूमि नदी में समा गई है उक्त स्थल पर स्थाई



सुरक्षा कार्य होने तक शेष पड़ी पार्किंग की भूमि में से झाड़ी कटान कर वाहन पार्किंग तैयार कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। ताकि स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों आगंतुकों के वाहनों की पार्किंग यहाँ की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नदी का चौनेलाईज तकनीकी तौर से कराया जाये ताकि भविष्य में होने वाले भू कटाव को रोका जा सकेगा। इस हेतु तकनीकी व इस कार्य में निपुण संस्थाएं आपसी समन्वय तैयार कर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नदी से गोला पुल की सुरक्षा भू कटाव व सड़क कटाव की रोकथाम के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रस्ताव तैयार करते हुए कार्य करने के निर्देश एनएचएआई, सिंचाई, लोनिवि, रेलवे विभाग को दिए।क्षेत्र भ्रमण के उपरांत जिलाधिकारी ने स्थानीय सर्किट हाउस में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई, एनएचएआई, वन, लोनिवि, खेल और रेलवे विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करने के साथ ही दीर्घ कालिक योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा रेलवे, सिचाई, एनएचएआई की भूमि का जो भूकटाव हुआ है, सुरक्षा के कार्य ऐसे हों जिससे एक विभाग के कार्य से दूसरे विभाग को नुकसान ना हो। एक योजनाबद्ध तरीके के कार्य हों। इसके लिए एक ही संस्था के द्वारा तकनीकी सहायता का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में मेंटिनेंश, सफाई एवं मरम्मत कार्य उसी एजेन्सी द्वारा किया जाए। इस संबंध में विभागीय मंतव्य के साथ समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को 27 अक्टूबर तक तात्कालिक और दीर्घकालिक कार्यों के प्रस्ताव के विषय में तकनीकी मंतव्य रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि शासन स्तर पर शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित किये जा सके।बैठक में डीएफओ हिमांशु बांगरी, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई विकास मित्तल, अधीक्षण अभियंता सिंचाई महेश खरे, रेलवे के ई. गौरव गौतम, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार, जिला क्रीडा अधिकारी निर्मला पंत के साथ ही सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद थे

# ध्यान शिविर में जवानों को बताई अंतर्मन से जुड़ने की तकनीक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा 31 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया गया। जो श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 वी वाहिनी पीएसी के तत्वाधान से हार्टफुलनैस संस्थान द्वारा 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित हुआ। शिविर प्रचलित विभागीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओ हेतु आयोजित किया गया । इस अवसर पर 250 प्रतिभागियों



को हार्टफुलनैस संस्थान द्वारा यौगिक प्राणाहुति से युक्त रिलैक्सैसन, ध्यान, रिजुविनेशन, तथा अंतर्मन से जुडने की सरलीकृत तकनीकों का अभ्यास कराया गया। शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने मे हार्टफुलनैस संस्थान के विभिन्न प्रशिक्षको एवं वालैनटियर्स- अरविंद, गजेन्द्र पाल, विपिन त्रिपाठी, राहुल मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। सभी प्रतिभागियों को गृहस्थ जीवन मे आसानी से अपनाई जा सकने योग्य , सुविधाजनक व प्रभावकारी तकनीको का अभ्यास भी करवाया गया। इस अवसर पर उप सेनानायक उत्तम सिंह नेगी , सहायक सेनानायक तपेश कुमार चन्द, प्रतिसार निरीक्षक भूपेश पाण्डेय , सुबेदार मेजर खुर्शीद अली आदि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और उनके द्वारा स्वास्थ्य लाभ लिया गया

# स्टैंडर्ड स्वीट्स में इलेक्ट्रिशियन पर सिलेण्डर गिरने से मौत,कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित स्टैंडर्ड स्वीट्स हाउस में किच्छा से फ्रिज ठीक करने आए 40 वर्षीय लालता प्रसाद इलेक्ट्रीशियन के सिर पर सिलेंडर गिरने से उसकी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रीशियन लालता प्रसाद स्टैंडर्ड स्वीट्स के खराब फ्रिज की रिपेयरिंग के लिए किच्छा से हल्द्वानी पहुंचा था। स्वीट हाउस के मालिक द्वारा उसको गोदाम जाने के लिए कहा गया। इस दौरान जैसे ही वह दुकान से बाहर निकला था कि अचानक दुकान के दो मंजिले में क्लैम्प के सहारे पहुंचाया जा रहा सिलिंडर इलेक्ट्रीशियन लालता प्रसाद के ऊपर जा गिरा। ऐसे में मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में दुकान के कर्मचारी लालता प्रसाद को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक लालता प्रसाद के परिजन भी आ



पहुंचे। परिजनों के अनुसार जब वे स्टैंडर्ड स्वीट्स हाउस पहुंचे तब तक मालिक और कर्मचारी दुकान में ताला लगाकर फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने सुशीला तिवारी अस्पताल में प्रदर्शन किया। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की है। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले की जानकारी मीडिया को न देने के लिए कहा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दोषी बक्शे नहीं जाएंगे। इस घटना से मृतक इलेक्ट्रीशियन लालता प्रसाद के परिवारजन बुरी तरीके से बिलख बिलख कर रोते हुए दिखाई दिये। उनका कहना था कि सिलेंडर के गिरने से लालता प्रसाद की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। अगर सिलेंडर फट जाता तो और भी बड़ा हादसा होता। इसकी जिम्मेदारी किसकी होती? क्या पूर्ति विभाग ऐसे रेस्टोरेंट व होटल पर ध्यान देता होगा। किसकी लापरवाही से एक मैकेनिक का परिवार वीरान हो गया? वहीं आसपास के लोगों का कहना था की नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन एक तरफ पूरे शहर में यातायात व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाता है वही दूसरी तरफ स्टैंडर्ड स्वीट हाउस में पार्किंग नहीं होने से यातायात बाधित होता है और आम जनमानस को भी जाम का सामना करना पड़ता है। वहां पर नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन कभी कोई कार्रवाई नहीं करता है। अब देखना होगा कल की घटना के बाद क्या पुलिस प्रशासन स्वीट हाउस के मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा या खानापूर्ति कर मामले को निपटा दिया जाएगा।दर्दनाक घटना के बाद परिजनो ने पुलिस से शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है।

# विद्युत कटौती से भड़के व्यापारियों ने ईई को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सड़क चौड़ी में पोल शिफ्टिंग कार्य में विद्युत विभाग द्वारा प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे



तक बाजार क्षेत्र में की जा रही विद्युत कटौती से भड़के व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ,महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में प्रदीप कुमार अधिशासी अभियंता का घेराव कर अपनी समस्या से अवगत कराया और अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर में विद्युत कटौती को तत्काल रोका जाए।कभी अतिक्रमण के नाम पर कभी विद्युत कटौती के नाम पर प्रशासन एवं विद्युत विभाग तालमेल बनाकर कार्य नहीं कर रहा है। यह कार्य दीपावली के बाद सुचारु किया जाए। उन्होंने कहा कि धनतेरस व दीपावली में जिस प्रकार से शहर में भारी विद्युत कटौती की जा रही है व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।विद्युत कटौती से लघुउद्योग, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एवं इनवर्टर तक प्रभावित हो रहे हैं। रोष व्यक्त करने वालोंमें हर्षवर्धन पांडे,मनोज जायसवाल,कुसुम दीगारी,प्रदीप सबरवाल ,संदीप सक्सेना,उपेंद्र कंनवाल,पवन वर्मा, पवन सागर, मयंक गुप्ता, चेतन कर्नाटक, आदर्श सक्सेना, कैनेडी सचदेवा आदि थे।

# एटीसी कैंप में आरएएन के कैडेट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 11 से 20 अक्टूबर तक तक एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी एटीसी शिविर में आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर में कैडेट्स के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें आरएएन पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियाँ हासिल कीं।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल ने क्विज प्रतियोगिता रस्साकशी और सोलो डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही, एरोमॉडेलिंग और समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।शिविर के दौरान जेडी ग्रुप में आर. ए.एन. पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर को समग्र



विजेता घोषित किया गया। स्कूल के कैडेट्स ने अपने समर्पण और मेहनत से विघ्यालय का नाम रोशन किया और इस प्रतिष्ठित शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीटीओ (कैडेट ट्रेनिंग ऑफिसर) प्रियंका रावत के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के परिणाम स्वरूप आर ए एन पब्लिक स्कूल के कैडेट्स ने यह शानदार सफलता हासिल की।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट और विद्यालय प्रबंधन ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें भारतीय वायुसेन ज्वाइन करने तथा जीवन में सदैव आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्र की सेवा में हर व्यक्ति को देना चाहिए अपना योगदान: बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ ने रुद्रपुरसानी निवासी ललित सिंह चौहान पुत्र जय सिंह चौहान को सेना में भर्ती होने पर फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और पूरे परिवार और गांववासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके परिवार और पूरे गाँव के लिए गर्व का क्षण है। विधायक बेहड़ ने ललित सिंह चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को देश सेवा में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। ललित को आज सेना में भर्ती होने व देश सेवा करने का परम सौभाग्य मिला है किन्तु हर इंसान देश सेवा के लिए सेना में भर्ती तो नहीं पा सकता वे भी अपनी दैनिक दिनचर्या से देश हित में योगदान दे सकता है फिर वो बिजली पानी का सुदपयोग हो या आस पास सफाई रखना, अच्छे आचरण में रहना, देश की निर्मित वस्तुए, वातावरण को शुद्ध रखना ऐसे छोटे- बड़े प्रयासों से भी देश सेवा की जा सकती है। विधायक बेहड ने सभी ग्रामवासियों को स्मार्ट मीटर व उससे होने वाले आर्थिक नुकसानों से अवगत कराया व सरकार के इस फैसले का विरोध जताने हेतु जागरूक किया । इस दौरान उन्होंने नजीमाबाद में सी०सी० सड़को के निर्माण कराए जाने की घोषणा



की तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु 1.20 लाख जारी किया।मतस्य कालोनी में मंदिर की बाउंड्रीवाल तथा छोटी सी०सी सड़कों के निर्माण कराये जाने की घोषणा की, माता फार्म में छोटी सड़कों का निर्माण व मंदिर में शिव भक्तो के ठहरने हेतु 5 लाख की लागत से टीन शेड का निर्माण , भगवानपुर में 5 लाख रूपये टीन शेड के लिए जारी किया और आगे निर्माण हेतु 3 लाख रूपये और देने का वादा किया रुद्रपुर सानी में 2 लाख रुपया नालों के निर्माण हेतु स्वीकृत किया । इस दौरान उन्होंने नजीमाबाद, पहाड़ी कालोनी, मत्स्य कालोनी, कलकत्ता फार्म, माता फार्म, रुद्रपुर सानी, व भगवानपुर में जनसंवाद किया व लोगों की समयायें भी सुनी। बेहड़ ने लगभग 6 लाख की लागत के दो विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया। इस दौरान बलवंत सिंह, बलदेव सिंह,अनिल यादव,विक्रम सिंह, जसविंदर सिंह,गुलशन सिन्धी, सुन्दर सिंह, जमालुद्दीन,सोनी कोरंगा, मनोज, गुड्डू चौहान, बबलू, एजाज अहमद, देवचंद, राजेशकश्यप, ललित, पान सिंह, लेखराज, मुन्ना लाल, जहीर, अनवर अहमद, अमरजीत सिंह, मुन्नी, जोरा, हनीफ, गंगा सिंह, जसबीर, अफ्फाक, शराफत, जोगिन्दर, लक्ष्मण, महंत सिंह समेत सैकड़ों की तादात में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# खटीमा में हनी ट्रैप के जरिये ब्लैकमेलिंग कर वसूली करने वाले पति पत्नी गिरफ्तार

## अब तक 2,57,000 रुपये और एक मोबाइल फोन हड़पा

खटीमा/रुदपुर(उद संवाददाता)। खटीमा कोतवाली पुलिस ने हनीट्रैप के जरिये अवैध रूप से धन वसूली करने वाले एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर को जगदीश चन्द्र जोशी, निवासी वार्ड नंबर-14, खटीमा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वैभव अग्रवाल और उनकी पत्नी बबीता अग्रवाल उर्फ विधि ने उन्हें पूजा के बहाने अपने घर बुलाया। वहां उन्हें नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश किया गया और उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो बनाए गए। इसके बाद उन्हें ब्लैकमेल कर अब तक 2,57,000 रुपये और एक मोबाइल फोन वसूला गया। आरोपी बार-बार धमकी देकर और पैसे मांग रहे थे तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में पता चला कि वैभव अग्रवाल के खिलाफ पहले भी रंगदारी का मामला दर्ज है। पुलिस ने दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के ब्लैकमेल करते थे। आरोपी बबीता अग्रवाल ने खुलासा किया कि वह एक आरटीआई कार्यकर्ता हैं और इसके



मोबाइल फोन में जगदीश जोशी की तस्वीरें और वीडियो मिले। दोनों ने कबूल किया कि वे पत्रकारिता और सूचना अधिकार की आड़ में लोगों को जरिए लोगों को धमकाने का काम करती थीं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के मोबाइल में अन्य लोगों से की गई बातचीत की भी जांच की जा रही है।

# कार्तिक बने किसान मंच उत्तराखंड के नए प्रदेश अध्यक्ष

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। किसान मंच ने युवा नेता कार्तिक उपाध्याय को किसान मंच उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद की सहमति से की गई, जिसे मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोपाल सिंह चौधरी ने सार्वजनिक किया। कार्तिक उपाध्याय की इस नियुक्ति को किसानों के अधिकारों की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। प्रदेश में किसानों के उत्पीड़न, खासकर हल्द्वानी रिंग रोड परियोजना के तहत किसानों की जमीनों को जबरन हथियाने के खिलाफ चल रहे संघर्ष में कार्तिक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। भोपाल सिंह चौधरी ने कहा कि युवा नेतृत्व को इस जिम्मेदारी के साथ आगे लाने का उद्देश्य है कि आज की पीढ़ी में वह ताकत है जो बड़ी ताकतों को भी चुनौती दे सकती है। कार्तिक का उत्तराखंड के किसानों के हितों की रक्षा के लिए समर्पण सराहनीय है। अब यह उनकी जिम्मेदारी होगी कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और राज्य में हर जिले के जिलाध्यक्षों और कुमाऊं-गढ़वाल मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द से जल्द की जाए। कार्तिक उपाध्याय के नेतृत्व में अब किसान मंच और किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति मिलकर हल्द्वानी रिंग रोड परियोजना के



खिलाफ किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। आने वाले समय में, किसान मंच के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के किसानों के हितों के लिए देशभर के किसान संगठनों के साथ एक बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों के किसान संगठन भाग लेंगे।चौधरी ने यह भी बताया कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो किसान मंच और इसके सहयोगी संगठन देहरादून से लेकर दिल्ली तक कूच करेंगे। यह लड़ाई सिर्फ उत्तराखंड के किसानों की नहीं, बल्कि देश के हर किसान की है। अगर शांतिपूर्ण वार्ता से समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा,उन्होंने कहा किसान मंच ने स्पष्ट किया है कि हल्द्वानी रिंग रोड परियोजना को लेकर किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और वे इसे रद्द कराने तक अपने आंदोलन को जारी रखेंगे।

# काशीपुर में उत्तराखंड पत्रकार यूनियन की नई कार्यकारणी गठित

## सुरेश शर्मा अध्यक्ष, नीरज ठाकुर महामंत्री व पुनीत शर्मा बने कोषाध्यक्ष

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पत्रकार यूनियन की महानगर इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। सरंक्षक अनिरुद्ध निझावन, अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष जयपाल सिंह अहेरिया, उपाध्यक्ष प्रकाश पुंज, महिला उपाध्यक्ष सावत्री सक्सेना, दीपा मेहता, महामंत्री नीरज ठाकुर, कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार शर्मा, संगठन मंत्री किशन गुप्ता, विजेन्द्र पाल सिंह, रवि शर्मा उपसचिव चिरंजी लाल सैनी, जया मिश्रा, कानूनी सलाहकार अवधेश कुमार चौबे के अलावा आमंत्रित सदस्यों में महिपाल सिंह,ललिता कौर, फिरोज खान आदि को संगठन का दायित्व सौंपा गया है सभी नव गठित पदाधिकार्यो का स्वागत संगठन के सदस्यों ने एक दूसरे को माला पहनाकर किया।मंडी समिति गेस्ट हाउस में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध निझावन ने की पर्यवेक्षक के रुप में जिला महामंत्री विनोद सिंह मौजूद थे इस अवसर पर नवगठित उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि कुछ और साफ सुथरी छवि के लोगों



को जल्द ही संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होने कहा कि हमारे लिए पत्रकार हित सर्वोपरि है उत्तराखंड पत्रकार यूनियन से जुड़े साथी अपने कार्यों से समाज में एक मिशाल पेश करें आने वाले समय उत्तराखंड पत्रकार यूनियन अपने कार्यों से समाज में एक मिशाल पेश करेंगे। उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि आए दिन पत्रकारों पर होने वाले उत्पीड़न की प्रारंभिक जांच पड़ताल हेतु चार सदस्यीय पत्रकार उत्पीड़न समिति का गठन किया गया है जिनके नाम विनोद सिंह, सावत्री सक्सेना, विजेन्द्र पाल सिंह, पुनीत कुमार शर्मा आदि हैं।

# पूजा अर्चना के साथ चीनी मिल के बॉयलर हुए चालू

किच्छा(उद संवाददाता)।चीनी मिल के बॉयलर की पूजा विधि विधान से की गई तथा बॉयलर को प्रज्वलित किया गया। पुजारी माधव मिश्र एवं नंद किशोर कर्नाटक ने मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण के साथ बॉयलर पूजन कराया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने उपस्थित कृषकों एवं मिल कर्मचारियों से कहा कि मिल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मिल प्रबंधन तंत्र का सहयोग किया जाना अति आवश्यक है तथा कृषकों एवं मिल कर्मचारियों का लक्ष्य भी होना चाहिए कि मिल को लाभ की मिल बनाने में मदद करें। मिल लाभ में आएगी तो कृषकों एवं कर्मचारियों का ही हित निश्चित है। मिल का पेराई सत्र प्रारंभ करने के लिए सर्वप्रथम मिल में बॉयलर पूजा की जाती है तथा बॉयलर पूजा के 15 से 20 दिन के भीतर मिल चालू कर दी जाती है। अधिशासी निदेशक ने बताया कि उनका



प्रयास है कि मिल को नवंबर माह के द्वितीय सप्ताह के बाद चालू कर दिया जाए जिसके लिए तैयारी की जा रही है। आज मिल के बॉयलर को चालू किया गया है जैसे ही मिल के सारे बॉयलर सक्रिय हो जाएंगे मिल का पेराई सत्र को सरकार और शासन के आदेशों पर प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी मिल में केवल बॉयलर चालू किए गए हैं ताकि मिल में किसी भी प्रकार की तकनीकी कमी ना रहे और जैसे ही मिल का पेराई सत्र प्रारंभ हो तो मिल में कोई भी फॉल्ट ना आए। बॉयलर पूजन के शुभ अवसर पर क्षेत्र के कृषकगण एवं समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह, सुधीर शाही, उदय प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह, अमरीक सिंह मंड, धीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं नरेन्द्र गंगवार के साथ साथ मिल के मुख्य रसायनज्ञ अनिल कुमार पाल, मुख्य अभियंता दिनेश चंद पांडेय, मुख्य लेखाकार संजय कुमार पांडेय, गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह, क्रय प्रभारी अतुल कुमार गोयल एवं वैयक्तिक सचिव राहुल सक्सेना आदि अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

'जय श्री राम' 'जय श्री बालाजी' 'जय श्री राम'

दीपावली के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार,छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य

श्री बालाजी दरबार

स्थान:- श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर

दिनांक: 26 अक्टूबर 2024 दिन: शनिवार,प्रात: 10:00 बजे से

निवेदक:-राजेन्द्र अग्रवाल, महंत श्री बालाजी मंडल रजि०, दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# सरदार प्यारा सिंह गावा को याद किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा गोल मार्केट में पूर्व सभासद गुरदीप सिंह गावा के पिता स्वर्गीय प्यारा सिंह गावा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी याद में सुखमनी साहब का पाठ किया गया व शबद् कीर्तन कथाविचार किये गए। समस्त समाज के भले की अरदास की गई उसके पश्चात लंगर प्रसाद की सेवा की गयी। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह,नरेश सेठ, गुरदीप गावा,जसविंदर गावा,दर्शन गावा,मोहन अरोरा, मंगत सिंह खुराना,किसन खुराना, जोगेंदर सिंह,दलीप सिंह आहूजा, बलवीर सिंह कामरा,रमेश नागपाल, विजय अरोरा, हरमिंदर सिंह टोनी, अनिल भल्ला व भारी संख्या में संगत उपस्थित थी।

# कांग्रेस नेता इदरीस का जाना हाल

रूद्पुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता इदरीस गोला कि अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इधर सूचना मिलने पर तुरंत उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा भी जिला चिकित्सालय पहुंची, और उनका हाल-चाल जाना। श्रीमती शर्मा ने इमरजेंसी



में डॉक्टर इमरान से भी मुलाकात की और कांग्रेस नेता इदरीश गोला के उपचार में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया। डॉक्टर इमरान ने कहा कि इदरीश गोला की तबीयत में अब सुधार है। इस अवसर पर अरशद खान, अनिल शर्मा, उमर अली सलमानी, निसार अहमद, नदीम खान, सुहैल खान, इकरार अहमद उपस्थित थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक

पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# निलंबित डिप्टी रेंजर रुद्रपुर कार्यालय से अटैच

खटीमा। तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के सुरई रेंज में उत्तराखंड वन विकास निगम को आवंटित लॉटों में अनाधिकृत पातन के संबंध में जांच कमेटी की प्राथमिक रिपोर्ट के बाद वन दरोगा रामेश्वर दयाल और डिप्टी रेंजर सुंदरलाल वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही निलंबन की अवधि तक डिप्टी रेंजर वर्मा को उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय रुद्रपुर से संबद्ध कर दिया गया है। सुरई रेंज में वन निगम के छपान और कटान को लेकर हो रही गड़बड़ियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ ही वन मंत्री से की शिकायत की थी। इसको लेकर 17 अक्तूबर को वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव और डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने सुरई रेंज में लकड़ी कटान का निरीक्षण भी किया था। जांच के बाद वन संरक्षक ने वन दरोगा रामेश्वर दयाल और डिप्टी रेंजर सुंदरलाल वर्मा को निलंबित करने की संस्तुति कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# भाईचारा एकता मंच का सम्मान समारोह 27 को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच का भव्य वार्षिक उत्सव एवं पटेल जयंती सम्मान समारोह 27 अक्टूबर को अंबेडकर पार्क रूद्रपुर में होगा जिसमें पहुंचने वाली हर महिला कार्यकर्ता को अंग वस्त्र देकर संगठन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांचवा वार्षिक उत्सव और पटेल जयंती सम्मान समारोह अंबेडकर पार्क रूद्रपुर में प्रात: 10बजे



से शुरू होगा जिसमें शहर के तमाम जनप्रतिनिधियों के अलावा बाहर से भी प्रतिनिधि गण शामिल होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा।संगठन के कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव ने भाईचारा एकता मंच के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को समय से अंबेडकर पार्क पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# एक्सपायरी खाद्य पदार्थ मिलने पर काटे चालान

## निरीक्षण कर पनीर, मावा, काजू कतली के सैंपल लिए, 20 किलो मिठाई को किया नष्ट

रुद्रपुर/बाजपुर(उद संवाददाता)। अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद्र फुलारा ने बताया कि आगामी त्योहार दीपावली को मद्देनजर रखते हुए दोराहा (बाजपुर) बाजपुर, काशीपुर में राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग एवं नगर पालिका बाजपुर की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 01 प्रतिष्ठान में एक्सपायरी खाद्य पदार्थ मिलने पर चालानी कार्यवाही प्रचलित की गई एवं रसगुल्ले का नमूना जांच हेतु लिया गया तथा 20 किलो बालूसाई, पतीसा, रस मलाई, बूंदी लड्डू अस्वास्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा नष्ट किया गया, एवं बाजपुर स्थित अन्य प्रतिष्ठानों से 03 पनीर, 01 मावा, 02 काजू कतली के कुल 06 नमूने जांच हेतु लिये गये एवं 01 प्रतिष्ठान का अस्वास्थ्यकर अवस्था में खाद्य पदार्थ के निर्माण करने पर चालानी कार्यवाही प्रचलित की गई। टीम मे उपजिलाधिकारी बाजपुर राकेश तिवारी, जिला अभिहित अधिकारी, डा० प्रकाश फुलारा, तहसीलदार अक्षय भट्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, पूर्ति निरीक्षक, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूद्रपुर आशा आर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जसपुर पवन कुमार एवं अन्य शामिल थे। टीम द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफ०एस०एस०ए० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/संग्रहण / निर्माण किया जाता है एवं बिना पंजीकरण/लाइसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, साथ ही खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर FSSAI LIC NO- अंकित करें, बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत / लाइसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें।



# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा


देहरादून/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीडियो कांफ्रेसिंग से जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान पेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले जनपदों की रिपोर्ट पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को योजना की नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा के सख्त निर्देश दिये। जिलाधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रत्येक सप्ताह अनिवार्यत: समीक्षा के कड़े निर्देश देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जेजेएम के तहत योजनाओं की भौतकीय प्रगति, वित्तीय समापन, एक्शन टेकन रिपोर्ट, गावों की हर घर जल प्रमाणीकरण की रिपोर्ट तलब की है।जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विशेष सर्तकता बरतने की सख्त हिदायत देते हुए सीएस राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को फील्ड कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग व निरीक्षण हेतु प्रशासनिक मशीनरी के साथ टेक्नीकल टीम को सक्रिय करने करने निर्देश दिए हैं। जेजेएम के तहत कार्यों की गुणवत्ता के मुद्दे का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले जनपदों जिलाधिकारियों को योजना की नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा कर एटीआर, हर घर जल प्रमाणीकरण, वित्तीय समापन की रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकरी उदय राज सिंह ने बताया कि दिसंबर तक जनपद की सभी योजना कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा।बैठक में सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव नितिन भदौरिया,जिलाधिकारी उदय राज सिंह ,सीडीओ मनीष कुमार सहित जलस्थान, पेयजल, सिचाई, वित्त विभाग के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।



# आनंद ज्वेलर्स पर एक लाख की खरीदारी पर सोने का सिक्का फ्री

## ऑफर 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक लागू, लोगों ने की एडवांस बुकिंग


गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के आनंद ज्वेलर्स पर दीपावली धमाका ऑफर पर एक लाख के सामान की खरीदारी पर सोने का सिक्का मुफ्त दिए जाने के बाद अधिकांश लोग अपने सामान के साथ एडवांस बुकिंग करा रहे हैं और सर्राफा मार्केट में भारी मात्रा में पुरुष महिलाएं खरीदारी के लिए आनंद ज्वेलर्स पर पहुंच रहे हैं । आनंद ज्वेलर्स के स्वामी द्वारा ग्राहकों को विशेष ऑफर के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है । आनंद ज्वैलर्स के स्वामी ने बताया कि आनंद ज्वेलर्स बाजार में भरोसेमंद ज्वेलर्स में से एक है। वह अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है ।पिछले कई वर्षों से वह अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और शानदार शिल्प कौशल के लिए जाने जाते हैं। शुरुआत से ही उनका लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेजोड़ गुणवत्ता प्रदान करना रहा है। आनंद ज्वेलर्स की प्राथमिकी रणनीति हमेशा ईमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ गदरपुर में सर्वोत्तम सोने और हीरे के आभूषण पेश करने की रही है। आनंद ज्वेलर्स शॉप के प्रोपराइटर रवि सचदेवा ने बताया कि उनकी दुकान 1979 से शहर में मौजूद है और वह अपनी पीढ़ी की तीसरी जनरेशन है अब से पहले रवि सचदेवा के दादाजी स्वर्गीय नादर राम सचदेवा इस कारोबार को करते थे और लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। रवि सचदेवा ने बताया कि इस दीपावली पर 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक यानी एक सप्ताह तक एक लाख रु की खरीदारी पर ग्राहकों को सोने का सिक्का निशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर आनंद ज्वेलर्स की शॉप पर ग्राहकों को आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं जैसे 22कैरेट 20कैरेट 18कैरेट के सोने पर सो परसेंट एक्सचेंज ऑफर लागू कर दिया है। डायमंड की मेकिंग चार्ज पर 25% की छूट कर दी गई है, आनंद ज्वेलर्स नवीन परिवर्तन करने में अग्रणी है उनके संग्रह में पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के साथ विशेष रूप से हस्त निर्मित और मशीन उत्कीर्ण आभूषण शामिल है जो उन्हें बाजार में अलग पहचान दिलाते हैं इस दौरान आनंद ज्वेलर्स के प्रोपराइटर ने ग्राहकों से दीपावली ऑफर का लाभ उठाने की अपील की।



रवि सचदेवा



प्रेम सचदेवा




### ग्राहकों के लिए विश्वास का दूसरा नाम आनन्द ज्वैलर्स: रवि सचदेवा

गदरपुर। नगर में अपनी अलग पहचान बना चुके आनन्द ज्वैलर्स अब लोगो के अटूट विश्वास का केंद्र बन चुका है।जहां एक और नगर में स्वर्ण आभूषण के तमाम प्रतिष्ठान है परन्तु नगर व क्षेत्र की जनता के प्यार ने आनन्द ज्वैलर्स को अव्वल दर्जे का खिताब दिया है क्यों कि आनन्द ज्वैलर्स के एमडी रवि सचदेवा के मधुर व्यवहार और आचरण के सभी लोग कायल है। ऐसे में रवि सचदेवा का कहना है कि ग्राहक हमारा भगवान है और भगवान को खुश करना हमारा पहला कर्तव्य है।उनके इसी व्यवहार की वजह से ही आज आनन्द ज्वैलर्स क्षेत्र में अपनी सबसे बड़ी पहचान बना चुका है।

### सोने की शुद्धता की कराए निशुल्क जांच

गदरपुर। नगर के आनंद ज्वेलर्स स्वामी ने बताया कि सोने की शुद्धता के लिए (एचयूआईडी)के 6 अंकों को (बीआईएस)एप पर चेक कर सकते है आनंद ज्वेलर्स के स्वामी प्रेम सचदेवा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर सोने की शुद्धता मशीन द्वारा निशुल्क जांच काराए उन्होंने बताया कि बिना हॉलमार्क वाले जेवर पर 30 से 35% की मिलावट भी कुछ जगहों पर की जा रही है इसलिए जो भी ग्राहक सोने की खरीदारी करें वह सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए खरीददारी करें।

पिछले लगभग 22 वर्षों से आनंद ज्वेलर्स से आभूषणों की खरीदारी कर रहे हैं आनंद ज्वेलर्स अपनी सभी कसौटियों पर खरा उतर रहा है हमें उम्मीद है भविष्य में भी आनंद ज्वेलर्स बुलंदियों को छूएगा और अपने ग्राहकों के लिए नए-नए ऑफर्स लेकर आएगा । **-राजेश बजाज, आढ़ती व्यापारी,गदरपुर**

आनंद ज्वेलर्स से हम पिछले 15 वर्षों से आभूषण खरीद रहे हैं हालांकि उनके साथ पारिवारिक मेलजोल काफी पुराना है इन 15 वर्षों में हमने नई-नई वैरायटी के आभूषण इनके यहां से लिए हैं उनकी क्वालिटी और विश्वास के बाद कहीं और जाने का मन ही नहीं होता। **कीर्ति बठला,गदरपुर**

# बिलासपुर में भी खुली श्री बिकानेर स्वीट्स की ब्रांच

## उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव औलख ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर/बिलासपुर(उद संवाददाता)। श्री बिकानेर स्वीट्स ने सफलता का एक और कदम बढ़ाते हुए बिलासपुर में भी नई ब्रांच शुरू की है। रामपुर रोड केमरी चौराहे पर श्री बिकानेर स्वीट्स के नए प्रतिष्ठान का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव सिंह औलख ने पूजा अर्चना के बीच फीता काटकर किया। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामी भंवर सिंह, मोहन सिंह, राधेश्याम और भरत को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रतिष्ठान स्वामी भंवर सिंह ने बताया कि रूद्रपुर में चार प्रतिष्ठानों के सफलता पूर्वक संचालन के बाद अब बिलासपुर में नये प्रतिष्ठान की शुरूआत की गयी है। इस प्रतिष्ठान में भी ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिकानेर स्वीट्स आज उत्तराखण्ड ही नहीं बल्कि देश भर में जाना पहचाना ब्राण्ड बन चुका है। इसका श्रेय उन्होंने संस्थान की पूरी टीम के साथ ही ग्राहकों को भी दिया। उन्होंने कहा कि तराई में उनके प्रतिष्ठान को ग्राहकों ने भरपूर प्यार दिया है,जिसकी बदौलत ही आज वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। प्रतिष्ठान के पार्टनर मोहन सिंह ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि उनके संस्थान का पहला ध्येय है। प्रतिष्ठान में विशेष रूप से राजस्थानी मिठाईयां और अन्य व्यंजन पेशेवर कारगीरों द्वारा तैयार किये जाते हैं। क्वालिटी पर उनका खास फोकस रहता है। प्रतिष्ठान स्वामी भंवर सिंह, मोहन सिंह राधेश्याम और भरत ने उदघाटन के मौके पर पधारे मुख्य अतिथि श्री औलख के अलावा चेयरमैन चित्रक मित्तल सहित अन्य विशिष्ठ अतिथियों को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर और फूल मालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर मण्डी समिति चेयरमैन कुशल गर्ग,व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल, समाजसेवी धन्नु मल बंसल, समाजसेवी उपकार अग्रवाल, वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, समाजसेवी संजय ठुकराल, तरूण अग्रवाल आदि सहित तमाम लोग थे।





# एसएसपी ने पुलिस लाईन का किया निरीक्षण,परेड भी कराई

रूद्रपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस लाईन शुक्रवार को पुलिस बल को दूसरों की सुरक्षा के साथ साथ स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त दुरुस्त रखने के लिए परेड कराई । जिसमें जनपद के सभी आला अधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारी,पुलिस कार्यालय/पुलिस लाईन के सभी शाखा प्रभारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। परेड के पश्चात एसएसपी ने पुलिस लाईन के परिवहन शाखा, व्यायामशाला, कर्मचारी बैरक व अन्य कार्यालयों का निरीक्षण भी किया और कर्मचारी भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की । उन्होंने मैस कमांडर को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। साथ ही एसएसपी ने पुलिस लाईन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।




SONY
गुरू मां
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
DIRECTOR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
AI
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
INSTANT CASHBACK UPTO RS.25,000/-*
1 EMI FREE*
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs. 64,990/-*
BUY NOW AT Rs. 2,995/-*
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
SPECIAL OFFER*
Rs. 7,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs. 64,990/-
XR Mini LED
IMAX
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75)
Range starts from Rs.4,49,990/-
BRAVIA 8
Aesthetic slimness, blends in beautifully
SPECIAL OFFER*
Rs. 5,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs. 52,490/-
XR OLED
IMAX
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.2,19,990/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
SPECIAL OFFER*
Rs. 2,995/-
Rs. 5,995/-
GET
XR Mini LED
IMAX
Google TV
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,82,990/-
X90L
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
SPECIAL OFFER*
Rs. 2,995/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs. 49,990/-
XR LED
Google TV
IMAX
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,24,990/-
BRAVIA 3
X1 4K HDR Processor
Rich Color, Immersive Sound
SPECIAL OFFER*
Rs. 2,995/-
Rs. 3,995/-
Google TV
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50)
Range starts from Rs.83,990/-
BRAVIA 2
X1 4K Processor
Wonderful World of 4K
SPECIAL OFFER*
Rs. 1,849/-
Rs. 2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.45,990/-
Finance offers powered by :
pine labs | paytm
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ICICI Bank
SBI
YES BANK
HDFC BANK
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
HDFC BANK
TVS CREDIT
गुरू मां
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सहयोग और सम्मान का संकल्प

ब्रिक्स सम्मेलन में एक बार फिर भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटती दिखी है। पिछले पांच वर्षों से दोनों देशों के बीच तल्खी बनी हुई थी। हालांकि इस बीच कुछ मौकों पर हमारे प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातें जरूर हुईं, मगर द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन में अलग से दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की और परस्पर सहयोग और सम्मान का संकल्प दोहराया। इस वार्ता से एक दिन पहले दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल रखने का फैसला किया था। चीन ने दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक क्षेत्र में अपना अतिक्रमण हटाने पर सहमति दे दी। अब दोनों देशों की सेनाएं अपने हिस्से के इलाकों में गश्त कर सकेंगी। चीन ने यह भी कहा है कि वह सीमा विवाद सुलझाने में भारत का सहयोग करेगा। अब प्रधानमंत्री की शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चीन का रुख लचीला हो गया है और वह भारत के साथ दोस्ती बनाए रखना चाहता है। हालांकि यह कोई नाटकीय घटना नहीं है। इसकी पृष्ठभूमि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ही बननी शुरू हो गई थी, जब दोनों देशों के विदेशमंत्रियों ने अलग से बातचीत की थी। सच्चाई यह भी है कि चीन बेशक अपनी विस्तारवादी रणनीति के तहत भारत को घेरने का प्रयास करता रहा हो, पर आज की वैश्विक स्थितियों में वह इसके साथ लंबे समय तक तनावपूर्ण रिश्ते बना कर नहीं चल सकता। चीन को मुख्य चुनौती अमेरिका से है। इसलिए अगर चीन को इस चुनौती से पार पाना है, तो उसे भारत के साथ रिश्ते मधुर बना कर रखने ही होंगे। ब्रिक्स का गठन ही इस मकसद से हुआ था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबदबे को कमजोर किया जा सके। फिर, अमेरिका और यूरोप ने जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की, उससे रूस के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई थीं। उसने चीन के साथ नजदीकी बढ़ा ली। मगर गलवान सैन्य संघर्ष के बाद चीन और भारत के बीच तल्खी कायम रहने से इस समीकरण में बाधा आ रही थी। इसलिए रूस भी चाहता था कि भारत और चीन अपने मतभेद जल्दी सुलझा लें। फिर, भारत के बिना ब्रिक्स देशों के संगठन में मजबूती कभी नहीं आ सकती। अच्छी बात है कि चीन ने इस तकाजे को समझा और भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया। भारत की अहमियत चीन के लिए भी बड़ी है। भारत अब भी उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। फिर, जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दवा उत्पादन, सेमीकंडकटर आदि के मामलों में दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए एक बड़े सहयोगी के रूप में दिखने लगा है, ऐसे में चीन उसकी अनदेखी नहीं कर सकता। वैश्विक दक्षिण के तमाम देशों को भारत पर भरोसा है। इसलिए भी चीन और रूस उसे अलग करके नहीं रख सकते। अच्छी बात है कि चीन ने अपना रुख बदल लिया है, मगर उससे यह अपेक्षा फिर भी बनी रहेगी कि भारत के हिस्से वाले क्षेत्रों, उसके पड़ोसी देशों और हिंद महासागर में अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत चलाई जा रही, भारत के लिए चिंता पैदा करने वाली, गतिविधियों पर भी विराम लगाए।

# सीएम ने धारी देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**तीन दिवसीय नयार उत्सव में महाशीर प्रजाति की मछली के सीड्स का प्रवाह तथा राफ्टिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

पौड़ी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने धारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम पंचायत किनसुर बागी पहुंचकर तीन दिवसीय नयार उत्सव-2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा पूजन कर महाशीर प्रजाति की मछली के सीड्स का प्रवाह तथा राफ्टिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़ी 07 घोषणाएं की। जिसमें देवप्रयाग-सतपुली मोटर मार्ग, देवप्रयाग-बुआखाल को राष्ट्रीय राजमार्ग में विकसित करने, नांद नदी सड़क का 6 किमी का निर्माण, यमकेश्वर के अंतर्गत लक्ष्मण झूला क्षेत्र में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति, यमकेश्वर क्षेत्र में पशुलोक मोटर मार्ग पर गंगा भोगपुर के निकट बीन नदी डबल लेन आरसीसी पुल का निर्माण, द्वारीखाल के जाखणीखाल-ढंडोली मोटर मार्ग का डामरीकरण व यमकेश्वर क्षेत्र में जमीन उपलब्ध होने पर डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नयार उत्सव-2024 के आयोजन से एक ओर जहां इस क्षेत्र को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी। गंगा व नयार संगम स्थल और व्यास जी की तपोस्थली के पावन तट पर आयोजित तीन दिवसीय नयार उत्सव के माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन संबंधी बुनियादी सुविधाओं का विकास और विस्तार होगा। इस तरह के महोत्सव से क्षेत्र को नई पहचान मिलती है। पौड़ी में 100 फिट ऊँचा झंडा व पार्क का निर्माण, त्रिशूल पार्क का निर्माण, पौराणिक केदारनाथबद्रीनाथ पैदल मार्ग को पुनर्जीवित किया है। श्रीनगर में अलकनंदा नदी किनारे गंगा संस्कृति केंद्र का कार्य किया जा रहा है। धारी देवी मंदिर में सुधारीकरण कार्य, पौड़ी के पुराने कलक्ट्रेट को हेरिटेज भवन के रूप में, श्रीनगर गोला पार्क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंगटाली पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, जिलाधिकारी डॉ० आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री गिरीश गुणवंत, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा, ग्राम प्रधान किनसूर बागी दीपचंद शाह उपस्थित थे।






# पति पत्नी और जेठ तीनों मिलकर डालते थे डाका, पुलिस ने दबोचा

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने 15 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले पति-पत्नी और जेठ को अरेस्ट कर लिया है। बता दें तीनों आरोपी साथ में मिलकर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस जेठ और महिला को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि आज पुलिस ने आरोपी महिला के आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जनकतरी के अनुसार दो अक्टूबर को भूमिया मन्दिर में हुई चोरी के संबध तहरीर मिली थी। जिसके अगले ही दिन पुलिस ने भावना देवी उर्फ भानू पत्नी पूरन सिंह और गिरधर सिह उर्फ गुड्डु को गिरफ्तार किया था।जबकि चोरी का मास्टर माइंड पूरन सिंह फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को भटकोट चौखुटिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया पूरन सिंह अपनी पत्नी और अपनी भाई की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार चल रहा था.आरोपी अभी तक अपनी पत्नी और भाई के साथ मिलकर 15 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका था। आरोपी पूरन और उसकी पत्नी भावना 2023 में भी चोरी के मामले में जेल जा चुका हैं।

# आमरण अनशन पर बैठीं दो महिलाओं की तबीयत बिगड़ी

रूद्रपुर। सिडकुल की कंपनी में श्रम कानून का पालन न होने और श्रमिकों के उत्पीड़न के विरोध में चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे अनशनकारियों में से दो महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सकों की रिपोर्ट प्रशासन के पास पहुंचते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। तहसीलदार दिनेश सिंह कुटोला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आमरण अनशनकारी कृष्णा देवी और पिंकी गंगवार से तबीयत बिगड़ने का हवाला देते हुए अनशन समाप्त करने की अपील की, लेकिन दोनों अनशनकारियों ने अनशन तोड़ने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी वह आमरण अनशन जारी रखेंगी। कृष्णा देवी का बीपी बढ़ा हुआ है। पिंकी गंगवार का बीपी लो होने के साथ ही शुगर बढ़ा है। शेष चार अनशनकारी प्रेमवती, पुष्पा, राम अवतार, देव कुमार की हालत फिलहाल ठीक है। अनशनकारियों के समर्थन में श्रमिकों ने आंदोलन स्थल गांधी पार्क में जोरदार नारेबाजी की।

# राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को बनायेंगे ऐतिहासिक : रेखा आर्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य में आगामी जनवरी व फरवरी माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों को पूर्ण रूप से सफल बनाकर न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश वासियों के लिए भी यादगार बनाया जायेगा। यह बात प्रदेश की



खेल मंत्री रेखा यादव ने आज यहां मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां राष्ट्रीय खेलों की सभी प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि आज निरीक्षण के दौरान उन्हें जो कमियां दिखाई दीं उसके समय सीमा के अंदर ठीक करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये हैं। इस काम में किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग जल्द ही खेलों की तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट भारतीय ओलम्पिक संघ को भेजी जायेगी। जो अपनी वार्षिक आम सभा में अंतिम निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि इस बहुउद्देश्यीय हॉल में वालीबॉल, बेसबॉल, वेस्लिंग, हेंडबॉल आदि खेल प्रतियोगितायें आयोजित होगी।

# अनियमित पेयजल बिल भेजने पर भड़के उपभोक्ता

किच्छा (उद संवाददाता)। पानी के बिलों की अनियमितता को लेकर वंडिया सिसैया किशनपुर सहित तमाम क्षेत्र के लोगों ने आज वंडिया स्थित जल निगम के कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि पानी के बिलों को सही किया जाए तथा निगम द्वारा कनेक्शन लगाए जाने के दौरान शर्तें रखी गई थी उसका अनुपालन किया जाए। उल्लेखनीय है कि वंडिया किशनपुर सिसैया सहित तमाम क्षेत्र नगर पालिका क्षेत्र में मिलाया जाने से पूर्व ग्रामीण क्षेत्र थे । जिन्हें पेयजल की व्यवस्था हेतु जल निगम द्वारा हल्द्वानी रोड पर सिसैया में एक ओवरहेड टैंक बनाया गया था तथा क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क जल कनेक्शन देने एवं 5 वर्षों तक पानी का बिल न देने की बात कही गई थी। जल उपभोक्ताओं का आरोप है कि जल निगम द्वारा जल कनेक्शन तो निःशुल्क दिए गए किंतु समय से पूर्व ही पानी के बिल वितरित कर दिए। जबकि अभी तक निगम द्वारा पानी सप्लाई किए जाने के 5 वर्ष नहीं बीते है। बावजूद इसके जल उपभोक्ताओं द्वारा जल निगम द्वारा दिए गए बिलों का भुगतान किया जा रहा



था। किंतु विगत कई महीनो से जल निगम द्वारा दिए गए बिलों में कई गुना वृद्धि करते हुए तथा बकाया राशि दर्शाते हुए जल उपभोक्ताओं को बिलों का वितरण किया गया है। जो उचित नहीं है बार- बार जल निगम के कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों से जल उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्या रखे जाने के बावजूद भी निराकरण नहीं किया गया। जिससे रोषित होकर आज जल उपभोक्ताओं ने भाजपा नेता संजीव सिंह, अवतार सिंह, लियाकत अली अंसारी, पूरन भट, देवेंद्र कुमार शर्मा सहित तमाम सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जल निगम के वंडिया स्थित कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया तथा जल संयोजन विच्छेद करने की मांग करने लगे। उपभोक्ताओं ने अपने बिल दिखाते हुए दिखा बताया कि जल निगम द्वारा दिए गए बिलों में 2000 से लेकर के 6000 तक धनराशि दिखाई गई है। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि क्षेत्र की जनता गरीब जनता है तथा इस प्रकार बेतहाशा बिलों का भुगतान वे नहीं कर सकते। जल निगम के सहायक अभियंता यतेंद्र सिंह रावत द्वारा किच्छा स्थित जल निगम के कार्यालय पर जल उपभोक्ताओं द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन एवं लगाए गए आरोपों के संबंध में कहा है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है । जल निगम द्वारा 20 किलो लीटर तक फिक्स चार्ज लिया जाता है तथा उसके अतिरिक्त जो भी उपभोक्ता जल का उपयोग करता है उसके अनुसार बिल लिया जाता है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की तरह जल विभाग भी पानी के भुगतान को सीमित करने की योजना बना रहा है।

# संगत को गुरबाणी अनुसार चलने,पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्त होने का करवाया संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु पर्व पर उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह एवं सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक एवं कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र सिंघ के तत्वाधान में ग्राम सरोवर नगर के नवनिर्मित गुरुद्वारा भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भाई हरजिंदर सिंह ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु हर राय जी ने अपने जीवन काल में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष योगदान देते हुए आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के पौधों से दवाइयां का निर्माण करवा कर संगत को निशुल्क बांटे जाने का कार्य किया । वहीं गुरु हरकिशन साहिब जी का गुरगद्दी दिवस, जिनकी याद में गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली में शोभायमान है, अपने जीवन काल में उन्होंने दिल्ली में फैले चेचक रोग के पीड़ितों की स्वयं सहायता



एवं इलाज किया । भाई हरजिंदर सिंह ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा मुगल काल के दौरान सिख राज की स्थापना की गई और कई वर्षों से चल रही जिम्मेदारी प्रथा का समापन करते हुए गरीब मजलूमों को उनके हक दिलवाते हुए हर एक की सहायता करने वाला राज कायम किया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंघ ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरु गद्दी दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप का संपादन करते हुए 6 गुरु साहिबान ,15 भट्ट साहिबान, तीन गुरसिखो एवं भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले 15 भक्तों की वाणी का संग्रह किया। गुरु गोविंद सिंह ने 1708 ई में नांदेड़ श्री हजूर साहब महाराष्ट्र में गुरुगद्दी सौंप कर स्वयं अपने शरीर का परित्याग किया उन्होंने उपदेश किया कि आत्मा ग्रंथ में और शरीर पंथ में जिसका भाव गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी पढ़ने एवं विचार करने से गुरु से वार्तालाप एवं साबित सूरत रहित मर्यादा अनुसार जीवन जीने से गुरु के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की संपादन एवं स्थापना श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर में करने के दौरान बाबा बुड्ढा जी को पहले ग्रंथी के रूप में सेवा सोपी थी। वही गुरु गोविंद सिंह जी के ज्योति जोत समाए दिवस पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उन्होंने सारी संगत से नशा मुक्त रहने एवं पर्यावरण संरक्षण की भी अपील की। उन्होंने धार्मिक पंजाबी अक्षर ज्ञान की पुस्तकों का वितरण करते हुए धार्मिक पुस्तकों को पढ़ने की आदत डालने का भी आह्वान किया। इस दौरान जरूरतमंद बच्चों को समाज सेवा कार्यों में अग्रणी रहने पर पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम का समापन ग्रंथी भाई सोना सिंह द्वारा अरदास के उपरांत किया गया।कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी मंगत सिंह और जसविंदर सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर सिमरन कौर कंबोज,खुशी कंबोज,जय सिंह ,राजेंद्र सिंह,अमरीक सिंह, सहित तमाम संगत मौजूद रही।

# केदारनाथ उपचुनाव में तेज हुई दोवदारी की जंग

## फेसबुक पर ऐश्वर्या रावत का फर्जी एकाउंट बनाकर पोस्ट डालने से भाजपा में घमासान

देहरादून(उद ब्यूरो)। केदारनाथ उपचुनाव में टिकट के दो दावेदारों की गतिविधियों ने भाजपा को असहज कर दिया है। विधानसभा सीट पर विधायक रहीं दिवंगत शैला रानी रावत की बेटी ऐश्वर्या रावत की फेसबुक पर टिकट की दावेदारी को लेकर एक पोस्ट डाली गई है, जिसे पार्टी नेतृत्व ने बेहद गंभीरता से लिया। बताया जा रहा है कि प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने पोस्ट के संबंध ऐश्वर्या से पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि ऐश्वर्या ने सफाई दी है कि उनका फेसबुक अकाउंट हैक कर यह पोस्ट डाली गई है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को शिकायत की है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी उनके जवाब से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की दिवंगत विधायक शैलारानी की पुत्री ऐश्वर्या रावत के नाम पर फेसबुक में फर्जी आईडी का संचालन हो रहा है। इस मामले में उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र भेजकर त्वरित जांच व कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि केदारनाथ विस उप चुनाव को लेकर दिवंगत विधायक की पुत्री सक्रिय हैं। ऐश्वर्या रावत ने कहा कि फर्जी फेसबुक आईडी से उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस फर्जी एकाउंट से कई संदेश साझा किए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वह नहीं चाहतीं कि कोई व्यक्ति परेशानी में पड़े। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व कल



तक पार्टी प्रत्याशी की घोषणा कर सकता है। इसे देखते हुए टिकट के दावेदारों ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इस बीच कुलदीप सिंह रावत की सोशल मीडिया पर बयानबाजी और ऐश्वर्या रावत की फेसबुक पोस्ट के सियासी मायने टटोले जा रहे हैं। दोनों नेता सीएम से लेकर प्रदेश अध्यक्ष व सांसदों से संपर्क के जरिये अपनी दावेदारी मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। चर्चा तो यहां तक है कि टिकट न मिलने की स्थिति में उन्होंने दूसरा विकल्प भी खुला रखा है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी नेता ऐश्वर्या रावत ने साफ किया है कि किसी ने उनकी आईडी हैक कर इस तरह की पोस्ट प्रसारित की है। उनकी ओर से इस मामले में पुलिस से शिकायत की जा रही है। पार्टी में टिकट को लेकर कोई घमासान नहीं है। केंद्रीय नेतृत्व जो भी नाम तय करेगा, सभी उसके समर्थन में काम करेंगे। वहीं टिकट की दावेदारी को लेकर हो रही अटकलों के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रत्याशी कोई भी हो, केदारनाथ में कमल खिलना तय है। समय पर नाम सामने आए जाएगा। चर्चा विमर्श तो सिर्फ सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले नाम पर हो रही है। यह चुनाव विकास एवं विरासत के सकारात्मक मुद्दे का झूठ, फरेब, सनातन विरोध के नकारात्मक एजेंडे पर जीत का होगा। भट्ट ने कहा, केंद्रीय नेतृत्व के पास केदारनाथ उपचुनाव प्रत्याशियों को लेकर सभी संभावित नामों का पैनल है। प्रत्येक दावेदार इस सीट पर अच्छे अंतर से जीत दर्ज कर सकता है।

## कांग्रेस से टिकट की रेस में मनोज रावत समेत कुंवर सजवाण और हरक सिंह रावत का नाम भी शामिल

### प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के साथ हुई पर्यवेक्षकों की मीटिंग

नई दिल्ली/देहरादून। केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस 27 अक्तूबर को प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस ने 26 अक्तूबर को समन्वय समिति की बैठक बुलाई है। जिसमें पैनल तैयार कर स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा जाएगा। बृहस्पतिवार को दिल्ली में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में केदारनाथ उपचुनाव को लेकर बैठक हुई। जिसमें चुनावी रणनीति के साथ प्रत्याशियों को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। पर्यवेक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने टिकट के लिए दावेदारी करने वाले सभी 13 लोगों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सर्वे व पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पैनल तैयार कर स्क्रीनिंग कमेटी को भेजेगी। जिसके बाद हाईकमान से चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश प्रभारी को केदारनाथ विधानसभा की जमीनी हकीकत और समीकरण से अवगत कराया। कहा, कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी। बदरीनाथ और केदारनाथ विधानसभा की भांति इस उपचुनाव को भी जीतने का काम करेगी। बैठक में कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल, प्रदेश सह प्रभारी परगट सिंह, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह, पर्यवेक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, उपनेता प्रतिपक्ष भवन कापड़ी, विधायक वीरेंद्र जाति और लखपत बुटोला मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस समन्वय कमेटी की 26 अक्तूबर को बैठक होगी। जिसमें प्रत्याशियों का पैनल तय कर केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक दिल्ली की बैठक में हुई चर्चा के दौरान टिकट की दौड़ में मनोज रावत, कुंवर सजवाण व हरक सिंह रावत के नाम आगे बताए जा रहे हैं।



## उद्यान विभाग के आउटलेट को सील करने के निर्देश

भीमताल। कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने गुरुवार देर शाम राजकीय प्रजनन उद्यान भीमताल में औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई प्रकार की गड़बड़ियां पाई गई। जिस पर आयुक्त ने तत्काल राजकीय प्रजनन उद्यान भीमताल के परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित आउटलेट को सील करने के निर्देश दिया। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अचानक राजकीय प्रजनन उद्यान भीमताल में स्थित परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत बने हुए आउटलेट का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया कि शिकायत मिली थी कि किसानों को मिलने वाला बीज गुणवत्तापूर्ण नहीं है साथ ही कई प्रकार की खामियां भी पाई गई है। उन्होंने मटर बीज के पैकेजिंग के बारे में जानकारी ली, साथ ही बार कोड़ स्कैन न होने, कट्टो की आपूर्ति 20 किलो और बीज प्रमाणीकरण सहित कई अन्य खामिया पाई। उद्यान विभाग को 20 किलो के मुताबिक बीजों की आपूर्ति करनी थी नहीं मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राजकीय प्रजनन उद्यान भीमताल के आउटलेट को सील करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान विभाग



जबकि मौके पर 40 किलो की पैकेजिंग पाई गई। साथ ही भेषज विभाग को बीजों की आपूर्ति करनी थी। बीजों की आपूर्ति की जा रही थी उनके प्रमाणीकरण पुष्टि नहीं मिली। विभाग द्वारा उचित जवाब और भेषज विभाग के द्वारा पूरे दस्तावेज नहीं मिलने पर स्पष्टीकरण माँगा और जल्द ही पूरी रिपोर्ट देने को कहा। कहा कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## दिवाली मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बनाई रूपरेखा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में लगने वाले दीपावली मेंले को लेकर गुरूद्वारा कमेटी व प्रशासन ने आपस में बैंठक कर तैयारियों को लेकर चर्चा की। सितारगंज एसडीएम रविन्द्र जुवांठा की अध्यक्षता में हुई बैंठक में बंदी छोड़ दिवस पर लगने वाली दस दिवसीय मेले में यातायात व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन हुआ। गुरूद्वारा कमेंटी के महासचिव अमरजीत सिंह व प्रबंधक रणजीत सिंह ने गुरूद्वारा कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ ही बैरियर पर गुरूद्वारा कर्मचारी को कमेटी द्वारा पास जारी करने के साथ ही बाहर से आने वाले वाहनों के गुरूद्वारा परिसर में रोक लगाकर वाहनों को पार्किग की व्यवस्था करने के साथ जल संस्थान द्वारा पानी का टैंक की व्यवस्था करने के अलावा चिकित्सा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर दवाईया वितरित करने, नानकसागर बाऊली साहिब में चलने वाले वोटिंग व नाव में सवारियों व श्रद्धालुओं को बिना लाइफ जैकेट के वोटिंग न कराने के निर्देश एसडीएम द्वारा पुलिस व प्रशासन को दिए। मेंले में लगने वाली दुकानों को रोड पर न लगाने व दुकानों को व्यवस्थित करने को कहा। अग्निशमन विभाग द्वारा अस्थाई चौकी व मेला परिसर में फायर बिग्रेड वाहन की व्यवस्था करने ,खाद्य विभाग द्वारा मेंले में मिलावटी सामान बेचने से रोकने व सेंपल लेने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी रविन्द्र जुवांठा, महासचिव अमरजीत सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह ,तहसीलदार पूजा शार्मा , सीओ विमल रावत, डा. नीरज कुमार, ईओ प्रियका रेंकवाल, सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा, मेला इंचार्ज शंकर सिंह बिष्ट, पटवारी अनन्त शर्मा आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ....** के अंदर नहीं जाने दिया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आक्रोशित छात्रों को समझा कर किनारे कराया। आक्रोशित छात्रों ने सड़क पर बैठ कर हरिद्वार हाईवे जाम कर दिया। जिससे सड़क में दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। **हल्द्वानी**– यहां आक्रोशित छात्रों ने एमबीपीजी कालेज में प्राचार्य एनस बनकोटी का घेराव किया इसके साथ ही परिसर में जमकर हंगामा काटा, छात्रों ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और पुलिस–प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारे भी लगाए। पुलिस से उलझते छात्र कहने लगे कॉलेज आपका नहीं हमारा है। जब तक छात्र संघ चुनाव नहीं होते आंदोलन जारी रहेगा। पुलिस– प्रशासन के खिलाफ छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। छात्रों को समझाने में पुलिस के पसीने छूट गए फिर भी आक्रोशित छात्र मानने को तैयार नहीं थे। **रुद्रपुर**–सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने और छात्राओं के लिए हाईटेक शौचालय बनाने की मांग को लेकर छात्रों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी ।सचिव प्रत्याशी पल्लव शील ने बताया कि विगत सालों से छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए विद्यार्थियों के बीच में रहकर उनकी समस्याओं को अपनी समस्या समझ कर समाधान कराया है। जिससे आगामी समय में होने वाले चुनाव में प्रतिभाग कर सके। परंतु अभी तक तिथि घोषित न होने से छात्र नेताओं में निराशा छा रही है। इस संबंध में हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई गई थी। जिसमें हाईकोर्ट ने याचिका को निरस्त करते हुए सरकार को फैसला लेने के लिए कहा है। छात्र संघ चुनाव में लड़ने वाले सभी प्रत्याशी छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग कर रहे हैं। प्रत्याशियों ने जल्द चुनाव की तिथि घोषित न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। भूख हड़ताल में अपना समर्थन करने वाले अध्यक्ष प्रत्याशी जसवीर सिंह, उपाध्यक्ष प्रत्याशी हरजिंदर सिंह, सचिव प्रत्याशी पल्लव शील, उपसचिव प्रत्याशी सुनील कोली, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी रोमेश कुमार, प्रदीप कोली, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रत्याशी सागर, वाणिज्य प्रतिनिधि प्रत्याशी नकुल गर्ग, सत्यम राय, रिया गुप्ता, विज्ञान प्रतिनिधि प्रत्याशी जीवन भट्ट, कला प्रतिनिधि प्रत्याशी सचिन गंगवार, अनुभव पाल, नागेंद्र गंगवार, नाजिश मंसूरी, नक्श सिंह, सुदीप ठाकुर, चंदन विश्वास कासिम हसन आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे। **नानकमत्ता**–उत्तराखण्ड में छात्र संघ चुनाव न होने के विरोध में राजकीय महाराणा प्रताप कालेज के छात्रों ने प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फुंका। छात्र कुलपति को सम्बोधित देने के लिए प्राचार्य के पास पहुंचे लेकिन उन्होंने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। राजकीय महाराणा प्रताप महाविधालय के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में चुनाव न होने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फुंकते हुये कहा कि 25 अक्टुबर तक छात्र संघ का चुनाव कराने की तिथि थी, जिसके बाद भी चुनाव नही कराएं जा रहें है। जिससें छात्र हितों का हनन हो रहा है। छात्र नेता अतुल राणा ने कहा कि छात्र पिछले दो तीन साल से चुनाव की तैयारी कर रहें थे, चुनाव न कराकर छात्रों के हितों के साथ गलत किया जा रहा है। छात्रों ने 8 घंटों के भीतर चुनाव कराने की तिथि घोषणा करने की मांग की । इस मौके पर अतुल राणा, संजीत सिंह , नीरज पोखरिया, अंकित भटट, कीर्ति राणा, नितिन राणा मौजूद थे।

**शेयर मार्केट...**जमा करनी पड़ेगी लोन की धनराशि जमा करते ही जो शेयर खरीदने में लाभ होगा उससे लोन की धनराशि माईनस कर आपको प्रोफिट शेयर की कीमत प्रदान कर दी जायेगी। उसने पुन: लोन के नाम से भिन्न भिन्न खातों में धनराशि जमा कर दी गयी। आईपीओ चार्ट द्वारा उसका प्रोफिट करीब 20 करोड़ रू0 दिखाया गया। उसने धनराशि निकासी करनी चाही व आवेदन किया तो उनके द्वारा एप लॉक बताया गया जिस पर एप के लॉक ओपन प्रोसेसिंग हेतु पुन: धनराशि की डिमाण्ड करने लगे तब मुझे मेरे साथ ठगी होने का एहसास हुआ। उन्होने बताया कि 11.06.2024 से 19.08.2024 तक कुल एक करोड़ निन्यानबे लाख छिहत्तर हजार रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने पकड़ा..**7358 को रोककर चैक किया तो वाहन में 85 किलो पनीर बरामद हुआ। वाहन को चालक आसिफ पुत्र अब्दुल अजीज निवासी गुलरघट्टी रामनगर चला रहा था। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह पनीर डोंगरपुर थाना दलपतपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से लेकर गुलरघट्टी रामनगर ले जा रहा था। बरामद पनीर संदिग्ध होने पर उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह सामन्त ने खाद्य विभाग से सम्पर्क किया। जिस पर अभिहीत अधिकारी डा0 प्रकाश फुलारा ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा शाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूद्रपुर प्रकाश आर्या, जसपुर पवन कुमार मौके पर पहुंचे और पनीर का सैम्पल लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया।

**दिल्ली दरबार ...** पैनल तय करने के लिए प्रदेश कांग्रेस समन्वय कमेटी की मीटिंग 26 अक्टूबर को आयोजित किए जाने का निर्णय भी हुआ है। समझा जाता है कि प्रदेश कांग्रेस समन्वय कमेटी की मीटिंग में प्रत्याशियों का पैनल तय होने के बाद ,केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी केदारनाथ उपचुनाव के लिए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा कर देगी।

**झपट्टामार ने ..**के समीप बाइक सवारों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। बदमाशों के हमले में महिला के गले में चोट भी आई है। पुलिस में लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शिनाख्त शुरू कर दी है।

## सागौन की लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार

गदरपुर । थाना गदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कैलाशपुरी रोड पर दो मोटर साइकिलों पर सौगान की अवैध लकड़ी ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शेर मौहम्द पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम गदरपुरा थाना गदरपुर ,राशिद पुत्र लियाकत निवासी ग्राम गदरपुरा थाना गदरपुर बताया और अनवर पुत्र भूरा अली निवासी ग्राम गदरपुरा थाना गदरपुर बताये। मोटरसाईकिल में सागौन के तीन गिल्टों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बरामदगी के सम्बन्ध में वन विभाग को सूचित किया गया । जिसे 26 वन अधिनियम के तहत दाखिल किया गया।



## मासूम बच्चे के साथ महिला लापता

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक महिला अपने मासूम बच्चे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। शंकर दत्त सनवाल पुत्र गोविन्द बल्लभ सनवाल हाल निवासी अरविन्द नगर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम पथरौला थाना दनिया जिला अल्मोड़ा का कहना है कि 23 जुलाई को सांय उसकी पत्नी लगभग 25 वर्षीय श्रीमती भावना सनवाल अपने साथ 5 माह के बच्चे को लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। उसने अपनी पत्नी की सभी सम्भावित जगह पर खोजबीन कर ली है। लेकिन उसका व बच्चे का कोई पता नहीं चल रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


ईशा ट्रेडर्स
हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
महासेल Upto 50%
Since 2004
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीरर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट
आर्टफिशयल घास
पी.यू. मार्बल शीट
वालपेपर
यू. वी. शीट
सम्पर्क सुत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)


Haier
World's No.1
गुरू मां
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty*
30 Days Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG
AI DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#
AMERICAN EXPRESS
DBS
pine labs
SBI card
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704